रेलटेल
RAILTEL
*A mini ratna enterprise*

**Ref: RailTel/Sectt/21/SE/S-16/V-3** **Date: May 3, 2024**

| | |
|---|---|
| **लिस्टिंग विभाग, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, 'एक्सचेंज प्लाजा', सी-1, ब्लॉक जी, बांद्रा - कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई - 400 051**<br><br>**Listing Department, National Stock Exchange of India Limited 'Exchange Plaza', C-1, Block G, Bandra - Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai - 400051** | **कॉर्पोरेट संबंध विभाग, बीएसई लिमिटेड, रोटुंडा बिल्डिंग,पी जे टावर्स, दलाल स्ट्रीट, किला, मुंबई - 400 001**<br><br>**Corporate Relationship Department, BSE Limited, Rotunda Building, P J Towers, Dalal Street, Fort, Mumbai - 400001** |
| **Scrip Symbol- RAILTEL** | **Scrip Code- 543265** |

**Sub: Submission of Newspaper Publication regarding Audited Financial Results for the quarter and year ended on 31st March, 2024.**

Dear Sir/Madam,

Copy of advertisement published in Newspaper (English and Hindi daily) in relation to the Audited Financial Results for the quarter and year ended on 31st March, 2024 as approved by the Board of Directors in their meeting held on 2nd May, 2024 are enclosed herewith for your information and record. Copies of the said advertisement are also available on the website of the Company at www.railtel.in

2. Please take note of the above document on record

**धन्यवाद,**

**रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के लिए**

JASMEET SINGH MARWAH

Digitally signed by JASMEET SINGH MARWAH
Date: 2024.05.03 15:43:07 +05'30'

**जे. एस. मारवाह**
**कंपनी सचिव एव अनुपालन अधिकारी**
**सदस्यता संख्या - एफ सी एस 8075**

**संलग्न: उपरोक्त अनुसार**

वितरण:- 1) सहायक कंपनी सचिव को फाइल में रखने हेतु।
2) सहायक महाप्रबंधक/पी.आर.ओ.को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

# शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पड़ोसी मुल्क उतावला : मोदी

**प्रहार**

ांधी नगर (गुजरात), एजेंसी। लोकसभा चुनाव में अब पाकिस्तान की एंट्री हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस पाकिस्तान की मुरीद है। सबसे पुरानी पार्टी जब दम तोड़ रही है, तो पड़ोसी मुल्क के नेता दुआ कर रहे हैं और इसके शहजादे (राहुल गांधी) को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावले हैं। क्योंकि, देश के दुश्मन यहां एक कमजोर सरकार चाहते हैं।

गुजरात के आणंद में हुई चुनावी सभा में मोदी ने कहा, यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस को पाकिस्तान के साथ जोड़ने का मोदी का बयान ऐसे वक्त में आया है, जब एक दिन पहले पाकिस्तान में इमरान खान की कैबिनेट में मंत्री रहे चौधरी फवाद हुसैन ने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर राहुल गांधी का एक वीडियो साझा कर उनकी तारीफ की थी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के समय एक कमजोर सरकार थी। वे बोले, अब पहले जैसी स्थिति नहीं है, पाकिस्तान के आतंक के टायर पंक्चर हो गए हैं। जो देश आतंक का निर्यात करता था, वह अब आटा आयात करने के लिए जूझ रहा है। सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाया जाना देश के पहले गृह मंत्री को सच्ची श्रद्धांजलि है।


जामनगर में गुरुवार को एक चुनावी सभा में वृद्ध महिला से आशीर्वाद लेते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एएनआई

## हिंदुओं को बांटने की कोशिश

सुरेंद्र नगर में मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर उनकी भगवान राम और शिव पर की गई टिप्पणी को लेकर हमला बोला। उन्होंने कहा, विपक्षी पार्टी अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हिंदुओं के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है।

## कांग्रेस मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है

पीएम ने कहा, कांग्रेस संविधान में बदलाव कर एससी-एसटी व ओबीसी समुदायों के आरक्षण का कुछ हिस्सा मुस्लिमों को देना चाहती है। मैं कांग्रेस को चुनौती देता हूं कि वह लिखित में दे कि वह मुसलमानों को धार्मिक आधार पर आरक्षण देने के लिए संविधान में बदलाव नहीं करेगी।

## 'वोट जिहाद' पर घेरा

नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी और सपा नेता मारिया आलम के 'वोट जिहाद' के आह्वान पर कांग्रेस को घेरा। मोदी ने कहा, अब विपक्षी गठबंधन वोट जिहाद का आह्वान कर रहा है। अब तक लव जिहाद और लैंड जिहाद ही सुना है। सभी जानते हैं कि जिहाद का क्या अर्थ है। यह लोकतंत्र का अपमान है।

## कांग्रेस के नेता विदेशों में भारत को बदनाम करते हैं

जामनगर में नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेता विदेश जाते हैं और लंबे-लंबे व्याख्यानों के जरिए भारत को बदनाम करते हैं। पीएम ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस के शहजादे ने जलमग्न द्वारका में मेरी पूजा-अर्चना का भी मजाक उड़ाया। कांग्रेस हमारी आस्था का मजाक उड़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ती।

**सियासत 30s**

## हर साल एक करोड़ रोजगार देंगे : तेजस्वी

बाबूबरही (मधुबनी)। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि यदि उनकी सरकार सत्ता में आई तो हर वर्ष एक करोड़ बेरोजगारों को रोजगार देंगे। एलपीजी गैस सिलेंडर 500 में देंगे। पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करेंगे। तेजस्वी बुधवार को झंझारपुर लोस क्षेत्र के मदनेश्वर स्थान स्थित हाईस्कूल मैदान में महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

## मैं चीज नहीं, हिमाचल की बेटी हूं : कंगना

शिमला। हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने गुरुवार को कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य और उनकी मां कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह पर पलटवार किया। कंगना ने करसोग के नांवीधर में आयोजित जनसभा में कहा कि मां और बेटे दोनों को ही बेटियों का सम्मान करने नहीं आता है। वह भूल गए कि मैं चीज नहीं हिमाचल की बेटी हूं। इस तरह की भाषा उनको शोभा नहीं देती।

## भाजपा को झारखंड में कोई सीट नहीं : चंपाई

घाटशिला (जमशेदपुर)। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा ने दस साल के शासन में सिर्फ झारखंड को लूटने का काम किया है। जुमले की गारंटी वाली भाजपा को जिस तरह विधानसभा चुनाव में कोल्हान से खाता नहीं खोलने दिया गया था, उसी तरह लोकसभा चुनाव में भी यहां से भाजपा को खाता नहीं खोलने दिया जाएगा। सीएम गुरुवार को पूर्वी सिंहभूम में बूथ सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## अन्नपूर्णा और संजय सेठ ने किया नामांकन

रांची/गिरिडीह। रांची लोकसभा सीट के लिए एनडीए के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ और कोडरमा संसदीय सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी सह केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। दोनों के नामांकन के दौरान हुई जनसभा में बड़ी संख्या में समर्थक जुटे।

### गृह मंत्री ने बरेली और बदायूं की जनसभाओं में इंडिया गठबंधन पर हमला बोला

# कांग्रेस और सपा नेता वोट बैंक के डर से अयोध्या नहीं गए : शाह

**निशाना**

बरेली/बदायूं/सीतापुर, हिन्दुस्तान ब्यूरो। गृह मंत्री अमित शाह ने बरेली, बदायूं और सीतापुर की जनसभाओं में 'इंडिया' गठबंधन और बसपा पर तीखा प्रहार किया। कहा, यह चुनाव रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने वालों को सबक सिखाने का है। कांग्रेस और सपा के नेता अपने वोट बैंक के नाराज होने के डर से अयोध्या नहीं आए। कांग्रेस ने 70 साल तक अयोध्या मंदिर के मसले को अटकाया।

**आरक्षण खत्म नहीं होने देंगे:** गृह मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने पांच साल में मंदिर का भूमि पूजन से लेकर प्राण-प्रतिष्ठा तक करा दिया। साथ ही कांग्रेस पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कहती है कि 400 सीटें पार आने पर नरेंद्र मोदी आरक्षण खत्म कर देंगे। ऐसा नहीं होगा। हम एससी-एसटी-ओबीसी के आरक्षण को खत्म नहीं होने देंगे। कांग्रेस सच्चर कमीशन लागू करके एससी-एसटी-ओबीसी के आरक्षण में डाका डालना चाहती है और 15 फीसदी मुसलमानों को आरक्षण देना चाहती है। जब तक भाजपा का एक भी कार्यकर्ता जिंदा है, तब तक नहीं ऐसा नहीं होने देंगे।

**भारत जोड़ो यात्रा पर निशाना:** अमित शाह ने गुरुवार को बरेली के प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार और बदायूं के उम्मीदवार दुर्विजय शाक्य के समर्थन में जनसभाएं कीं। 'इंडिया' गठबंधन पर हमलावर रहे शाह ने कहा कि चुनाव की शुरुआत राहुल बाबा ने भारत जोड़ो यात्रा से की थी। चार जून को इसका समापन कांग्रेस ढूढ़ो यात्रा से होगा। शाह के निशाने पर केंद्र की पिछली कांग्रेस सरकार रही। कहा, यूपीए सरकार में [illegible]लिया-म[illegible]या, जमालिया घुसकर धमाके करते थे। अब ऐसा नहीं है। भारत ने उरी और पुलवामा का बदला पाकिस्तान में घुसकर लिया। 10 दिन के अंदर सेना के सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान में आतंकियों को तबाह कर दिया। प्रधानमंत्री ने कश्मीर से धारा 370 को हटाकर घाटी को आतंकवाद के शिकंजे से मुक्त कराया है।

**सपा को परिवारवादी पार्टी बताया :** शाह ने सपा को परिवारवादी पार्टी बताया। अखिलेश यादव के परिवार के पांच सदस्यों को प्रत्याशी बनाने पर तंज कसा। उन्होंने बरेली के दंगों का जिक्र करते हुए यूपी की पिछली सपा सरकार को घेरा। कहा, 2017 [illegible] यूपी में एक भी दंगा नहीं हुआ।


बरेली में गुरुवार को एक चुनावी जनसभा में भाजपा नेताओं के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह। ● प्रेट्र

## प्रत्याशियों की जीत का अंतर बढ़ाने को जुटें

लखनऊ। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पार्टीजनों को बूथ मजबूती का मंत्र दिया। पांचवें चरण की लोकसभा सीटों पर चुनावी तैयारियों की समीक्षा करने गुरुवार शाम लखनऊ आए शाह ने कहा कि बूथ जीता-चुनाव जीता का फार्मूला याद रखें। मोदी की गारंटी पर जनता को भरोसा है। जनता हमारे साथ है, बस हर घर तक मोदीजी का संदेश पहुंचाना है। शाह ने पन्ना प्रमुख और उनकी टोलियों की भूमिका पर खासा जोर दिया। कोई भी मतदाता संपर्क बिना न बचे। शाह बोले जीत का अंतर बढ़ाने के लिए जुटें।

## लोकसभा सीटों की समीक्षा

शाह ने पांचवें चरण में शामिल अवध, कानपुर और काशी की 13 लोकसभा सीटों की सिलसिलेवार समीक्षा की। इनमें मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा सीटें शामिल हैं।

## 'भाजपा सत्ता में आई तो बदल देगी संविधान'




बरेली/बदायूं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में यदि भाजपा सत्ता में आई तो न ही संविधान बचेगा और न ही लोकतंत्र।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा सरकार बनने के बाद भाजपा संविधान बदल देगी, इसलिए यह चुनाव भविष्य बनाने के लिए है। इसी बात को ध्यान में रखकर मतदान करें। सपा प्रमुख ने बदायूं सीट पर सपा प्रत्याशी आदित्य यादव और आंवला से प्रत्याशी नीरज मौर्य के लिए अलग-अलग जनसभाएं की।

# सरकार के कामकाज पर वोट मांगें प्रधानमंत्री : खड़गे

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पार्टी के घोषणा पत्र पर बहस की चुनौती है। इसके साथ उन्होंने प्रधानमंत्री को नफरत फैलाने वाले भाषण देने के बजाय अपनी सरकार के 10 वर्षों के कामकाज पर वोट मांगने की भी सलाह दी है।

अपने तीन पेज के पत्र में मल्लिकार्जुन खड़गे ने दूसरे चरण के बाद प्रधानमंत्री की तरफ से एनडीए उम्मीदवारों को लिखे पत्र का भी उल्लेख किया है। प्रधानमंत्री के पत्र में कांग्रेस पर लगाए गए आरोपों का खंडन किया है। अपने पत्र में पीएम ने एनडीए उम्मीदवारों से मतदाताओं के बीच यह जागरुकता फैलाने की अपील की थी कि कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछा वर्ग का आरक्षण छीनना चाहती है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र में ऐसा कुछ नहीं है।


प्रधानमंत्री को पत्र लिख न्याय पत्र पर बहस की चुनौती दी

# आरक्षण छीन रही भाजपा सरकार : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर निजीकरण लागू करके दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों से गुपचुप तरीके से आरक्षण छीनने का गुरुवार को आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को मजबूत करने और रोजगार के दरवाजे खोलने की गारंटी देती है।

कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आरक्षण समाप्त करने का मोदी सरकार के अभियान का मंत्र है-'न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी' मतलब न तो सरकारी नौकरियां रहेंगी और न ही आरक्षण देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निजीकरण से सरकारी नौकरियों को खत्म कर चुपके-चुपके दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग से आरक्षण छीन रही है।

## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से इस्तीफे की मांग



शिवमोगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यह आरोप लगाते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के इस्तीफे की गुरुवार को मांग की कि भाजपा नेता ने समानता चाहने वालों को नक्सली करार दिया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नड्डा कह रहे हैं कि यदि दलित, पिछड़ी जातियां और आदिवासी समानता चाहते हैं तो वे नक्सली हैं। संविधान पर इससे बड़ा कोई हमला नहीं हो सकता।

## बिना बुलडोजर होगा कानून का राज : मायावती

ैनपुरी। बसपा अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि हमारी सरकार में हमेशा कानून का राज कायम रहा। कभी बुलडोजर नहीं चलाना पड़ा। दस साल पहले कांग्रेस की केंद्र और अधिकतर राज्यों में सरकारें गलत नीतियों के कारण सत्ता से बाहर हो गई थीं। भाजपा भी इसी राह पर है। हमारी सरकार आई तो फिर बुलडोजर की जरूरत नहीं पड़ेगी।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने मैनपुरी के क्रिश्चियन मैदान में गुरुवार को विपक्षियों को इस तरह आड़े हाथों लिया। वे मैनपुरी, एटा और फिरोजाबाद के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। मायावती ने कहा कि बसपा की सरकार सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीतियों के आधार पर सरकार चलाएगी।

## एसटी, ओबीसी को हाशिये पर धकेलने का प्रयास : ममता

ेहट्टा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मोदी सरकार पर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को हाशिये पर धकेलने का प्रयास करने का गुरुवार को आरोप लगाया।

बनर्जी ने हाशिये पर पड़े समुदायों के लिए नागरिकता संबंधी फायदों के बारे में भाजपा सरकार के झूठ को लेकर उस पर निशाना साधा। उन्होंने चेतावनी दी कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकार खतरे में पड़ सकते हैं। बनर्जी नादिया जिले के तेह[illegible] में तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार [illegible]आ मोइत्रा के समर्थन में आयोजि[illegible] एक रैली को संबोधित कर रही थीं।


# रेलटेल कॉर्पोरेशनऑफ इंडिया लिमिटेड

रेलटेल RAILTEL

(भारत सरकार का उपक्रम)

**पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालय:** प्लेट - ए, छठी मंजिल, कार्यालय ब्लॉक टॉवर - 2, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली - 110023 **फोन:** 011-22900600, **फैक्स:** 011-22900699, **वेबसाइट:** www.railtel.in; **ईमेल :** cs@railtelindia.com

**कॉर्पोरेट पहचान संख्या:** L64202DL2000GOI107905

**मार्च 31, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों के उद्धरण**

रु. लाख में

| विवरण | समाप्त तिमाही के लिए | | | समाप्त वर्ष के लिए | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2023 | 31.03.2024 | 31.03.2023 |
| प्रचालन से आय | 83,270 | 66,836 | 69,746 | 2,56,782 | 1,95,734 |
| अन्य आय | 1,910 | 645 | 983 | 5,435 | 3,730 |
| **कुल आय** | **85,180** | **67,481** | **70,729** | **2,62,217** | **1,99,464** |
| निवल आय / (हानि) (कर पूर्व वआपवादिक मदों के बाद) | 8,954 | 9,508 | 6,569 | 35,481 | 25,596 |
| निवल लाभ / (हानि) (कर पूर्व वआपवादिक मदों के बाद) | 10,193 | 8,424 | 10,223 | 32,809 | 25,390 |
| कर बाद निवल लाभ | 7,753 | 6,214 | 7,524 | 24,621 | 18,825 |
| कुल विस्तृत आय | 7,389 | 6,267 | 7,762 | 24,415 | 19,035 |
| ईक्विटी शेअर पूंजी | 32,094 | 32,094 | 32,094 | 32,094 | 32,094 |
| अन्य ईक्विटी | - | - | - | 1,50,630 | 1,32,794 |
| **प्रति ईक्विटी शेअर अर्जन ( ₹ 10/- प्रत्येक का अंकित मूल्य)** | | | | | |
| (क) बेसिक ( ₹ में) | 2.42 | 1.94 | 2.34 | 7.67 | 5.87 |
| (ख) डाइल्यूटेड (₹ में) | 2.42 | 1.94 | 2.34 | 7.67 | 5.87 |

**टिप्पणी:**

1. उपर्युक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा और ऑडिट समिति द्वारा सिफारिश की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 2 मई 2024 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किया गया है। कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों का ऑडिट किया है.
2. वित्तीय परिणामों में प्रस्तुत जानकारी लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों से निकाली गई है, जो संगत नियमों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस) के अनुसार और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम2015 (यथा संशोधित) के विनियम 33और लागू सीमा तक अन्य मान्यता प्राप्त लेखा प्रथाओं और नीतियां के अनुसार तैयार की गई है।
3. वर्ष के दौरान, कंपनी ने इंड एएस-109 के अनुसार अपेक्षित क्रेडिट हानि के अनुमान को तर्कसंगत बनाया है, जिसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2023-24 में अपेक्षित क्रेडिट हानि प्रावधान में 1505 लाख रुपये की कमी आई है।
4. पिछली अवधियों/वर्ष के आंकड़ों को वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप पुनः समूहित/पुनः वर्गीकृत/पुनः कास्ट किया गया है।
5. 31.03.2024 को समाप्त तिमाही के आंकड़े पूरे वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और तीसरी तिमाही तक प्रकाशित वर्ष के आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।
6. रेलटेल एंटरप्राइजेज लिमिटेड (पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) का विलय:

(1)' 31 अगस्त, 2023 को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा स्वीकृत कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 के तहत रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (कंपनी) के साथ पूर्ववर्ती रेलटेल एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) के बीच समामेलन की योजना के अनुसरण में, आरईएल की सभी संपत्ति और देनदारियां 1 अक्टूबर, 2022 की नियत तिथि के साथ कंपनी में स्थानांतरित और निहित हैं।

(2)"कंपनी (लेखा मानक) संशोधन नियम, 2016 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट अधिनियम के परिशिष्ट सी से इंड एएस-103 के साथ पठित के अनुसार कंपनी के खाते की पुस्तकों में समामेलन को जिम्मेदार ठहराया गया है। तदनुसार, लेखांकन उपचार निम्नानुसार दिया गया है:

- आरईएल की सभी संपत्ति, देनदारियों और आरक्षी को कंपनी द्वारा उनकी वहन राशि पर मान्यता दी गई है
- आरईएल और आरसीआईएल के बीच अंतर-कंपनी शेष और लेनदेन को समाप्त कर दिया गया है।
- कंपनी द्वारा निवेश के रूप में धारित आरईएल में ₹ 10 प्रत्येक का पूर्ण भुगतान किया गया 1,00,00,000 इक्विटी शेयर रद्द कर दिया गया है।
- आरईएल की प्रतिधारित आय में 1239.63 लाख रुपये के विलय के बाद क्रेडिट बैलेंस को कंपनी की प्रतिधारित आय में स्थानांतरित कर दिया गया है।
- पूर्व अवधि के संबंध में स्टैंडअलोन फाइनेंशियल रिजल्ट्स में फाइनेंशियल जानकारी को फिर से बताया गया है जैसे कि बिज़नेस कॉम्बिनेशन स्टैंडअलोन फाइनेंशियल रिजल्ट्स में पिछली अवधि के दौरान हुआ था क्योंकि मर्जर की नियत तिथि 1 अक्टूबर, 2022 है.

(3) विलय की योजना के अनुसार, आरईएल की अधिकृत शेयर पूंजी 5000 लाख रुपये कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी में जोड़ी गई है। आरईएल की 1000 लाख रुपये की प्रदत्त शेयर पूंजी कंपनी के निवेश के साथ समाप्त हो जाती है।

7. उपर्युक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015, यथा संशोधित, के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है।उपर्युक्त वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई (www.bseindia.com/corporates), एनएसई (www.nseindia.com/corporates) की स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट और कंपनी की वेबसाइट www.railtel.in पर उपलब्ध है।

**रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के लिए और उसकी ओर से**
**हस्ता/-**
**संजय कुमार**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
**(डीआईएन: 06923630)**

**स्थान- नई दिल्ली**
**दिनांक: 02.05.2024**





*MRP ₹ inclusive of all taxes. 'ऑफर स्टॉक रहने तक वैध. पैक इस ऑफर के बिना भी उपलब्ध है.

# Temasek eyes CVC's 60% stake in Healthcare Global

TPG, Bain Capital and Burjeel Holdings are also in the race to acquire a controlling stake.

Ranjani Ranhavan & Sneha Shah
MUMBAI

Singapore's Temasek Holdings may bid for CVC Capital Partners' controlling stake in listed hospital chain Healthcare Global Enterprises Ltd, two people aware of the development said. Other potential investors in the race for the 60.4% stake include TPG, Bain Capital and Burjeel Holdings (formerly VPS Healthcare).

"Temasek will either bid alone or partner one of the other private equity funds," one of the two people said, adding that potential suitors have submitted initial bids and are conducting due diligence.

Shares of HCG closed on Thursday at ₹358.80 apiece on NSE, down 1.98%. The Nifty index closed at 22,648.20 points. Its total market capitalization stood at ₹4,997.71 crore.

CVC Capital Partners, which purchased around 59% in Healthcare Global for ₹1,100 crore in 2020, raised its shareholding to over 60.4% subsequently. At the current share price and market cap, the stake is worth over ₹3,004 crore.

When contacted, Dr B.S. Ajai Kumar, founder of Healthcare Global, said he does not plan to sell his close to 11% stake, or increase his holdings. Kumar, however, declined to comment on the deal, directing all queries to CVC Capital Partners.

"I am not selling my stake. As far as I am concerned, I am the founder, a doctor, interested in oncology and I plan to continue at HCG," Kumar, 71, said.

Kumar's daughter Anjali Ajaikumar Rossi is executive director, strategy at HCG. Kumar clarified that he is not planning to increase his stake at the company, dismissing rumours that he may partner with another private equity firm to increase his stake. "There's no such consideration as of now," he added.



HCG primarily caters to cancer patients. ISTOCKPHOTO

**SPECIALIST CARE**

**SHARES** of HCG closed on Thursday at ₹358.80 apiece on NSE, down 1.98%

**IT** has 23 oncology care centres as of 31 December 2023, and four multi-speciality hospitals

**HCG** recorded an operating income of ₹1,417.5 crore during the nine months ended 31 December

Queries emailed to the spokespersons of TPG and VPS remained unanswered till press time. Temasek and Bain Capital declined to comment on the development.

Established in 1989, HCG primarily caters to cancer patients, with 23 oncology care centres as of 31 December 2023, and four multi-speciality hospitals. The company has its presence in cities such as Ahmedabad, Chennai, Nasik, Ranchi, Rajkot, Cuttack, Hubli, Mumbai, Nagpur, Vizag, and Vijayawada. It is present across the oncology value chain, offering services from prevention, screening, diagnosis and treatment to rehabilitation, supportive care, and palliative care.

The company recorded an operating income of ₹1,417.5 crore during the nine months ended 31 December. "Going forward, the company's revenue growth is expected to remain healthy driven by increasing cancer incidence, in addition to HCG's established position in the oncology segment. Furthermore, the company is expected to witness improvement in profitability margins supported by improving operating leverage, reduction in losses and turnaround of its emerging centres, besides continued improvement in payor mix," according to a 28 March ratings report by ICRA.

*ranjani.raghavan@livemint.com*

# Nisus Fin sets up 2nd realty fund in Mauritius

Priyal Mahtta
priyal.mahtta@livemint.com
BENGALURU

Mumbai-headquartered real estate investor Nisus Finance and Investment Managers LLP, a part of Nisus Finance Group, has established a new international vehicle in Mauritius. The company aims to channel foreign capital to its second fund under its real estate stressed assets strategy, Amit Goenka, the head of Nisus Finance, said.

The company's new vehicle based in Mauritius is named the Nisus India Opportunity Fund.

The firm is currently deploying capital from its maiden stressed assets fund, Nisus Real Estate Special Opportunities Fund – I (RESO-I). It had set up the fund in Singapore in 2023 to attract foreign funds for its stressed assets vehicle, alongside capital raised from domestic limited partners (LPs), *VCCircle* had first reported last year.

The category-II alternative investment fund (AIF) based in Singapore had secured a cumulative ₹700 crore with an equal mix of onshore and offshore capital, according to the *VCCircle* report in September.

## MINT SHORTS

### Dexif secures ₹33 crore seed capital from RTP Global

**Bengaluru:** Dexif has raised $4 million (₹33 crore) in a seed funding round from existing investor RTP Global. The startup will use the funding to improve its technological capabilities, invest in talent and scale the business. Founded in 2022 by Deepank Bhandari and Tushar Sharma, who were later joined by Pallavi Bajaj as a co-founder, the startup provides financial solutions focused on the fixed-income markets. **K. AMOGHAVARSHA**

### Anthill set to launch $100 million hybrid fund for Indian startups

India-based firm Anthill Ventures plans to launch a hybrid fund focused on the startup sector, as investors flock to the Asian nation amid a slowdown in the Chinese economy. The company plans to raise $100 million for a cross private credit and equity fund to finance startups geared towards consumer experiences, wellness, and entertainment, it said. **BLOOMBERG**

### Fresh From Farm raises ₹16.6 cr in pre-Series A funding

ISTOCKPHOTO



**Bengaluru:** Fresh From Farm, a B2B2C platform for consolidating fresh fruit demand, has raised $2 million (₹16.6 crore) in a pre-Series A funding round led by angel investor Ashish Kacholia and saw participation from early-stage investor Inflection Point Ventures. It will use the funding for team expansion, developing its technology stack and introducing new product lines. Fresh From Farm is a fresh fruits demand consolidation platform. **K. AMOGHAVARSHA**

### Go DESi snags ₹41 crore from Avishkaar Capital, others

**Mumbai:** Bengaluru-based packaged foods startup Go DESi on Thursday said it has secured ₹41 crore in a funding round led by Avishkaar Group firm Avishkaar Capital. This marks the seventh investment from the Aavishkaar India Fund VI, a $150-million fund investing across impact sectors such as financial inclusion, sustainable agriculture, climate, consumer and healthcare in India, Avishkar Group said. **PTI**

### Infinity Fincorp bags $8 mn funding from Archerman Capital

**New Delhi:** Non-banking finance company Infinity Fincorp on Thursday said it has secured an additional $8 million funding from Archerman Capital. "Infinity Fincorp Solutions (Infinity), a leading Reserve Bank of India-registered NBFC (non-banking finance company) specializing in tailored property loans for small businesses, has secured an additional $8 million from Archerman Capital as an extension to the $26 million funding round led by Jungle Ventures, a Singapore-based independent VC firm, earlier this month," according to a company statement. **PTI**

# Google adds Azure, AWS support; boosts Cloud security with AI

Gulveen Aulakh
gulveen.aulakh@livemint.com
NEW DELHI

Google Cloud will support Microsoft's Azure and Amazon's AWS clouds, enabling enterprises to manage their security solutions across all cloud platforms and ensuring heightened levels of security.

Besides, Google will also prioritize artificial intelligence (AI) integration with existing solutions to streamline the user experience for enterprises, a top executive told *Mint*.

"Adding Azure and AWS will offer value to our customers, so they can follow similar workflows, regardless of which cloud they engage in. We will also combine the cloud-native application protection platform solution with a security operations solution," said Kyle Turner, global managing director of customer engineering, Google Cloud Security, in an interaction. "With AI, we're able to achieve simple translation of native language to query language, which will provide actionable information and summarize the information," he added.

According to Google, the AI-powered design will efficiently manage risks across multi-cloud infrastructures, amid increasing threats, such as data theft and ransomware attacks, to cloud security.




The move will enhance security. AP

The extensive support will simplify tasks for enterprises by combining teams responsible for security operations, and those operating native application protection platforms. This will also help eliminate the siloed model currently used by many enterprises, said Turner.

Google also plans to integrate its threat intelligence solutions from multiple sources, including Mandiant, which was acquired in 2022, and provide a risk score, enabling enterprises to prioritize cyber threats to its systems, and initiate mitigating actions, he added.

This, he said, will take care of 'alert fatigue' that enterprises sometimes face in the wake of increasing cyber-attacks targeting vulnerabilities.

The decision to provide integrated solutions stems from a shortage of security talent, even as threats and severity was on the rise, he added. "We've recently received some research data that shows the talent gap within the security space has grown dramatically over the last five to six years, roughly from 1.5 million to as many as 3.5 million open jobs within the security industry."

The integration of AI and Gen AI to its solutions could also help address the talent shortage, through training programmes for entry-level professionals across markets, including India, Turner said.

The increasing threat landscape also presents a significant revenue opportunity for Google Cloud Security.

"In the last couple of years, we've grown from $100 million to over a billion-dollars, with a path to a a multi-billion dollar business in the next couple of years," he said.

# Maiva Pharma raises ₹1,000 cr to set up new mfg unit

Sowmya Ramasubramanian
sowmya.r@livemint.com
BENGALURU

Morgan Stanley Private Equity Asia and InvAscent (India Life Sciences Fund-IV) have jointly picked up a controlling stake in Maiva Pharma Pvt. Ltd for ₹1,000 crore. The round comprised both primary and secondary capital.

Maiva, a Bengaluru-based injectables contract manufacturer, plans to utilize the capital to set up a second manufacturing facility near Hosur, Tamil Nadu, besides expanding capabilities for sterile dosage forms including bags, pre-filled syringes, and oncology, and hormonal injectables, the company said on Thursday.

Avendus acted as the exclusive financial advisor to Maiva and its shareholders for this transaction. The contract development and manufacturing organization operates a facility in Hosur to manufacture sterile injectables in vials and lyophilized vials, and has a portfolio of over 75 products, serving more than 40 customers spanning the US, Canada, Europe, Australia and Latin America.



Bhaskar Krishna, MD and CEO, Maiva Pharma.

"This fundraise will be used to add more vials, lyophilization and suspension capacity and introduce new manufacturing capabilities for pre-filled syringes, cartridges and bags," said Bhaskar Krishna, managing director and chief executive officer at Maiva Pharma.

The company was established in 1993.

Morgan Stanley Private Equity Asia is a leading private equity investor in the Asia-Pacific region, managing third-party money funds and investing in the region for over two decades, primarily through highly structured minority investments and control buyouts in the mid-market segment.

Private equity firm InvAscent manages assets worth $650 million across four funds, tailored for India's small and mid-market companies across the pharma, healthcare delivery, medical devices and other allied sectors.

# KKR, Novo Nordisk, others bid for Healthium buy

Sneha Shah & Ranjani Raghavan
MUMBAI

Global private equity (PE) major KKR and pharma major Novo Nordisk have submitted final bids to acquire surgical sutures firm Healthium Medtech, three people with knowledge of the development said on condition of anonymity. A third, joint bid has come from India-focused PE firm ChrysCapital and Mankind Pharma.

The bids submitted have valued Bengaluru-headquartered Healthium at up to ₹6,500 crore, the people cited above said. The company is 99% owned by global PE fund Apax Partners.

"The final binding bids came in on Wednesday night," the first person cited above said. "There were only three final bids from PE and strategic investors."



Formerly called Sutures India, Healthium is one of the largest manufacturers of surgical needles and sutures, globally.

"While KKR and Novo Nordisk have put in separate bids, ChrysCapital has bid along with Mankind Pharma," the second person cited above said.

For KKR, which already acquired Healthium's UK business last year, it is an extension of its belief in the segment. Novo Nordisk and Mankind Pharma are taking a strategic call on the growth in the segment and a natural adjacent category to the businesses they are already in, the third person cited above said.

Formerly called Sutures India, Healthium is one of the largest surgical sutures makers globally. In 2018, Apax Partners had acquired close to a 100% stake in the company from then-shareholders TPG Growth, CX Partners and the founders for $350 million.

Spokespersons for Healthium Medtech, Apax Partners, ChrysCapital, Mankind Pharma and Novo Nordisk did not respond to emailed queries. A spokesperson for KKR declined to comment.

Founded in 1992, Healthium has four key product areas—wound closure, arthroscopy, wound care and infection prevention portfolio. It is one of the largest manufacturers of surgical needles and sutures in the global market. The company and its subsidiaries have seven manufacturing facilities with three research and development centres.

The company has steadily introduced higher value-added products over the past few years, from antimicrobial gloves and barbed sutures to meniscus guns and ligation clips.

As per a 31 January credit ratings release by Icra, Healthium has a diversified presence across products and geographies with exports to more than 90 countries. The company has generated revenue of around ₹394 crore, with an operating margin of 27.6% in H1 FY24. Icra expects the company to register healthy revenue growth for the full FY2024, while maintaining its margins.

As per the Icra report, in FY23, the company divested its UK business, the Clini group specializing in the urology segment, to KKR.

On a consolidated basis (excluding the discontinued UK business), Healthium witnessed revenue growth of 14.3% to ₹728.5 crore in FY23 from ₹637.1 crore in FY22, supported by healthy demand from the key end-user industry segments for wound closure, both in the domestic and export markets.

"Revenue growth was majorly supported by volume growth on the back of strong distribution network in the domestic markets, new product launches and established relationships with existing clients," the report said.

*sneha.shah@livemint.com*


## RAILTEL CORPORATION OF INDIA LTD

(A Govt. of India Undertaking)
**Registered & Corporate Office:** Plate - A, 6th Floor, Office Block Tower - 2, East Kidwai Nagar, New Delhi - 110023.
**Phone:** 011-22900600, **Fax:** 011-22900699
**Website:** www.railtel.in; **e-mail:** cs@railtelindia.com
**CIN:** L64202DL2000GOI107905

**EXTRACT OF FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2024**
Rs. in Lakh

| Particulars | Quarter Ended | | | For the Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2023 | 31.03.2024 | 31.03.2023 |
| Revenue from Operations | 83,270 | 66,836 | 69,746 | 2,56,782 | 1,95,734 |
| Other Income | 1,910 | 645 | 983 | 5,435 | 3,730 |
| **Total Income** | **85,180** | **67,481** | **70,729** | **2,62,217** | **1,99,464** |
| Net profit / (loss) (before tax & exceptional items) | 8,954 | 9,508 | 6,569 | 35,481 | 25,596 |
| Net profit / (loss) (before tax & after exceptional items) | 10,193 | 8,424 | 10,223 | 32,809 | 25,390 |
| Net profit after tax | 7,753 | 6,214 | 7,524 | 24,621 | 18,825 |
| Total comprehensive income | 7,389 | 6,267 | 7,762 | 24,415 | 19,035 |
| Equity share capital | 32,094 | 32,094 | 32,094 | 32,094 | 32,094 |
| Other Equity | - | - | - | 1,50,630 | 1,32,794 |
| **Earnings Per Equity Share (Face Value of ₹ 10/- each)** | | | | | |
| (a) Basic (in ₹) | 2.42 | 1.94 | 2.34 | 7.67 | 5.87 |
| (b) Diluted (in ₹) | 2.42 | 1.94 | 2.34 | 7.67 | 5.87 |

**Notes-**
1. The above financial results have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on 2nd May 2024. The Statutory Auditors of the company have conducted audit of the financial results for the Quarter and Year ended 31st March 2024.
2. The information presented in the financial results is extracted from the audited financial results, which have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standards (Ind AS) prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 read with relevant rules thereunder and in terms of Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (as Amended) and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
3. During the year, the company has rationalised the estimate of expected credit loss as per Ind AS-109, which has resulted into reduction of Expected credit loss provision by Rs. 1,505 Lakhs in FY 2023-24.
4. Figures for the previous periods / year have been re-grouped / re-classified / re-casted to conform to the classification of the current period.
5. The figures of quarter ended 31.03.2024 are the balancing figure between the audited figures in respect of full financial year and published year to date figure upto 3rd Quarter.
6. Merger of RailTel Enterprises Limited (wholly owned subsidiary company):

(1) Pursuant to the Scheme of Amalgamation between erstwhile RailTel Enterprises Limited (REL) with RailTel Corporation of India Ltd. (the Company) under Sections 230 to 232 of the Companies Act, 2013 sanctioned by Ministry of Corporate Affairs on 31 August, 2023, all assets and liabilities of REL are transferred and vested in the Company with appointed date of October 1, 2022.
(2) The amalgamation has been accounted in the books of account of the company in accordance with IND AS 103 'Business Combination' read with Appendix C to IND AS 103 specified u/s 133 of the Act, read with the Companies (Accounting Standards) Amendment Rules, 2016. Accordingly, the accounting treatment has been given as follows:-

- All the asset, liabilities & reserves of REL have been recognised by the company at their carrying amounts
- Inter-Company balances & transactions between REL & RCIL have been eliminated.
- 1,00,00,000 equity share of ₹ 10 each fully paid in REL held as investment by the company stands cancelled.
- Post merger credit balance of Rs. 1239.63 Lakh in Retained Earnings of REL has been transferred to Retained Earnings of the company
- The financial information in the standalone financial results in respect of prior period have been restated as if business combination had occurred during the preceding period in the standalone financial results as the appointed date of merger is October 1, 2022.

(3) Pursuant to the scheme of amalgamation, the authorised share capital of REL of Rs. 5000 Lakh has been added to authorised share capital of the company. Paid up share capital of REL of Rs. 1000 Lakh is extinguised (eliminated) with Investment of the company.

7. The above is an extract of the detailed format of the financial results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended. The full format of the aforesaid financial results are available on the Stock Exchanges website of BSE (www.bseindia.com/corporates), NSE (www.nseindia.com/corporates) and Company's website at www.railtel.in.

**For and on behalf of**
**RailTel Corporation of India Limited**
**Sd/-**
**Sanjai Kumar**
**Chairman & Managing Director**
**DIN No.: 06923630**

**Place: New Delhi**
**Date:02.05.2024**